आवश्यक सूचना

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार
(हज भवन कोचिंग एवं मार्गदर्शन कोषांग, पटना)

Police Sub Inspector (Daroga)/SSC-Bihar/ SSC-CGL/ Railway/Banking आदि के समकक्ष

प्रतियोगिता परीक्षा हेतु निःशुल्क गैर–आवासीय कोचिंग कार्यक्रम

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार की राज्य अल्पसंख्यक कोचिंग योजनान्तर्गत नोडल एजेन्सी मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में हज भवन, पटना में आगामी Police Sub Inspector (Daroga)/SSC-Bihar/SSC-CGL/Railway/Banking आदि के समकक्ष प्रतियोगिता परीक्षाओं की निःशुल्क गैर–आवासीय कोचिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अल्पसंख्यक समुदाय (बौद्ध, सिख, पारसी, ईसाई, मुस्लिम एवं जैन) के उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार राज्य हज समिति के वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर दिनांक 25.12.2024 से 05.01.2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों के आवेदन की समीक्षा करके छात्र–छात्राओं को निःशुल्क गैर आवासीय कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकेगा। पटना स्थित इच्छुक आवेदकों को हज भवन,पटना में ऑफलाइन तथा अन्य ज़िलो के आवेदकों हेतु विभिन्न ज़िलों में स्थित अल्पसंख्यक बालक एंव बालिका छात्रावास में स्थित स्मार्ट क्लासरुम में ऑनलाइन माध्यम से वर्ग संचालन किया जाएगा। सभी आवश्यक विषयों पर अनुभवी शिक्षकों द्वारा वर्ग संचालन के अतिरिक्त नियमित टेस्ट सीरीज़ का आयोजन तथा पूर्व के बैच के सफल छात्र–छात्राओं के साथ नियमित संवाद इस कोचिंग कार्यक्रम का मुख्य अंश होगा।

ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि -25.12.2024 से 05.01.2025 के अपराहन 06:00 बजे तक
वर्ग संचालन की सम्भावित तिथि – 10.01.2025

प्रवेश सम्बंधी अतिरिक्त जानकारी हेतु दूरभाष संख्या–0612–2203315 पर सम्पर्क कर सकते है, अथवा वेबसाईट **www.biharstatehajcommittee.org** पर उपलब्ध सूचना का अवलोकन किया जा सकता है।